# प्रेस नोट जनपद खीरी

**दिनाँक 02.10.20**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः-**

## पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी द्वारा निघासन सर्किल के थाना निघासन, थाना सिंगाही एवं थाना तिकुनिया का औचक निरीक्षण किया गया





आज दिनांक 02.10.20 को पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी द्वारा निघासन सर्किल के थाना निघासन, थाना सिंगाही एवं थाना तिकुनिया का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर विभिन्न रजिस्टर्स/अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा उनके व्यवस्थित रख-रखाव एवं अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाना परिसर की नियमित साफ-सफाई कराने एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने हेतु भी निर्देश दिए गए। थाने पर नियुक्त समस्त पुलिसकर्मियों को वाहन चलाते समय यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने के संबंध में निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना निघासन के 04 आरक्षियों की मोटरसाइकिल पर नियमानुसार नंबर प्लेट नहीं होने पर उनका अन्तर्गत धारा एमवी एक्ट ई-चालान कराया गया। समस्त पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने हेतु भी निर्देशित किया गया। मालखाने में माल मुकदमाती के व्यवस्थित रख-रखाव तथा निर्णयोपरांत माल का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। शस्त्रों के नियमित रूप से साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया। लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कोरोना के बढते संक्रमण के दृष्टिगत कोविड केयर हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया तथा थाना परिसर के नियमित सैनीटाइजेशन तथा साफ-सफाई कराने, पुलिसकर्मियों को डियूटी के दौरान मास्क, ग्लब्स आदि सुरक्षा उपकरण धारण कर डियूटी करने हेतु निर्देशित किया गया।जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिये गये।

<u>राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम</u>





आज दिनांक 2 अक्टूबर, 2020 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी श्री विजय ढुल द्वारा पुलिस लाइन खीरी में "राष्ट्रपिता महात्मा गांधी" एवं पूर्व प्रधानमंत्री "लाल बहादुर शास्त्री" के चित्रों पर माल्यार्पण कर दोनों ही महान विभूतियों को नमन किया गया तथा राष्ट्रीय सलामी दी गई। साथ ही इन महापुरूषों के आदर्शों पर चलने के लिए, सर्व धर्म सद्भाव, आदर्श जीवन को अपनाने, राष्ट्र की अस्मिता की रक्षा करने, एकता व अखण्डता को अक्षुण्य बनाये रखने की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर अपने संबोधन के दौरान महोदय द्वारा समस्त पुलिसकर्मियों को दोनों ही महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर सशक्त, समृद्ध एवं सुरक्षित भारत के निर्माण हेतु अपना श्रेष्ठ योगदान करने हेतु प्रेरित किया गया। तत्पश्चात पुलिस विभाग में कार्यरत समस्त अनुचरों को वस्त्र एवं मिष्ठान देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

## थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खेलते हुए 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व समाज विरोधी क्रिया कलापों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान को अंतर्गत थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खेलते हुए 02 अभियुक्तों 1. तुषार मिश्रा पुत्र रमेश चन्द्र मिश्रा नि0 मोहल्ला शिवपुरी थाना कोतवाली सदर खीरी 2. अंशु गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता नि0 ललिता नगर कोतवाली सदर खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद मोबाइल, 4600/- रू0 व 07 अदद सट्टा पर्ची बरामद की गई। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 1095/20 धारा 13 जुआ अधि0 पंजीकृत किया गया।

## थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व समाज विरोधी क्रिया कलापों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 02 अभियुक्तों 1. युनुस पुत्र कद्दू 2. विकास पुत्र स्व सियाराम नि0गण छेदीपुर थाना मोहम्मदी खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 52 ताश के पत्ते तथा कुल 580 रू0 बरामद किए गए। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 741/20 धारा 13 जुआ अधि0 पंजीकृत किया गया।

## थाना धौरहरा पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 06 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व समाज विरोधी क्रिया कलापों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना धौरहरा पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 06 अभियुक्तों 1. अनुरूद्ध पुत्र ब्रजकिशोर 2. सोनू शर्मा पुत्र सालिकराम नि0गण आचार्यटोला कस्बा व थाना धौरहरा खीरी 3. जुनेद पुत्र मुबारक 4. मोहन पुत्र बच्चू नि0गण वारिनटोला कस्बा व थाना धौरहरा खीरी 5. लुड्डी पुत्र श्रीराम नि0 बाजार वार्ड कस्बा व थाना धौरहरा खीरी 6. कदीर पुत्र छोटेमिया नि0 रामभट्टी कस्बा व थाना धौरहरा खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 52 ताश के पत्ते तथा कुल 580 रू0 बरामद किए गए। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 741/20 धारा 13 जुआ अधि0 पंजीकृत किया गया।

## वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए निम्नलिखित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गयाः-

1. थाना मितौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 348/20 धारा 323/504/308 भादवि0 में वांछित चल रहे अभियुक्त बौना उर्फ इदरीश पुत्र खान नि0 कस्बा व थाना मितौली खीरी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्या0 भेजा गया।
2. थाना मितौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 264/20 धारा 302 भादवि0 में वांछित चल रहे अभियुक्त 1. दिलीप कुमार पुत्र ब्रज प्रकाश नि0 परसेहरानाथ थाना हरगांव सीतापुर 2. सुमित उर्फ सोहरे पुत्र सरवन पासी नि0 निमचैनी थाना मितौली खीरी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्या0 भेजा गया।
3. थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा अ0सं0 307/18 धारा 147/148/149/307/323/504/506 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त बहोरी पुत्र बाबूराम नि0 कोपा थाना कोतवाली सदर खीरी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्या0 भेजा गया।

## अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं बिक्री के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **55 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा 01 शराब भट्ठी बरामद कर 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार** किया गया है। विवरण निम्नवत हैः-

| क्र0 सं0 | थाना | बरामदगी | गिरफ्तार अभियुक्तों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | **थाना मैलानी** | **15 लीटर** | **01 अभियुक्त गिरफ्तार** |
| 2 | **थाना ईसानगर** | **10 लीटर** | **01 अभियुक्त गिरफ्तार** |
| 3. | **थाना गोला** | **10 लीटर** | **01 अभियुक्त गिरफ्तार** |
| 4. | **थाना कोतवाली सदर** | **10 लीटर** | **01 अभियुक्त गिरफ्तार** |
| 5. | **थाना फूलबेहड़** | **10 लीटर** | **01 अभियुक्त गिरफ्तार** |
| | **कुल** | **55 लीटर** | **05 अभियुक्त गिरफ्तार** |